# राजकीय महिला महाविद्यालय, बाढ़ड़ा

GOVERNMENT COLLEGE FOR WOMEN BADHRA

असतो मा सद्गमय

# वार्षिक प्रतिवेदन
# 2022-23

**मुख्य अतिथि:-**

प्राचार्य,श्री सूबेसिंह

**प्रस्तुतकर्ता:-**

वरिष्ठतम् प्राध्यापक

डॉ.परमजीत सिंह

## वार्षिक प्रतिवेदन

राजकीय महिला महाविद्यालय, बाढड़ा आज दिनांक 29-04-2023 को अपना वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह मना रहा है। आज के समारोह के मुख्य अतिथि प्राचार्य श्री सुबेसिंह है। वैसे तो हमारे मुख्य अतिथि महोदय किसी परिचय के मोहताज नही है, फिर भी मैं परंपरा का निर्वाह करते हुए आप का परिचय प्रस्तुत करना अपना कर्तव्य समझता हूँ तथा सम्मान के योग्य पत्रकार बंधुओं , प्राध्यापकवृंद तथा उपस्थित विद्यार्थियों का हार्दिक स्वागत एंव अभिनंदन करता हूँ।

## मुख्य अतिथि का परिचय

आज के पुरस्कार वितरण समारोह के शुभ अवसर पर हमारे मध्य उपस्थित मुख्य अतिथि प्राचार्य श्री सुबेसिंह का मैं समस्त महाविद्यालय परिवार की ओर से स्वागत करता हूं। आपका जन्म 15 अक्टूबर 1973 को हुआ। आपने सीनियर सैंकडरी की शिक्षा हरियाणा शिक्षा बोर्ड से प्राप्त की व स्नातक स्तर की शिक्षा राजकीय महाविद्यालय हिसार से तथा स्नातकोत्तर की उपाधि जे.एन.यू. विश्वविद्यालय, दिल्ली से प्राप्त की। **05 मार्च 2003** को आपने राजकीय महाविद्यालय महम से सरकारी सेवा में पदार्पण किया। **13 अक्टूबर 2003** से **24** अगस्त **2009** तक राजकीय महाविद्यालय, इसराना (पानीपत) में आपने अपनी सेवाएं दी। **24.08.2009** से **05.10.2009** तक आप राजकीय महाविद्यालय, भिवानी में कार्यरत रहे। **05.10.2009** से **18.12.2012** तक आपने अपनी सेवाएँ राजकीय महिला महाविद्यालय, तोशाम में दी तथा इसके बाद पुन: **18.12.2012** से **24.06.2014** आपने अपनी सेवाएं राजकीय महाविद्यालय, भिवानी में दी। इसके बाद आप निरंतर **24.06.2014** से अब तक राजकीय महिला, महाविद्यालय, बाढ़डा में अपनी सेवाएं देते हुए दिनांक 24.07.2019 से 27.09.2019 तक कार्यवाहक प्राचार्य के पद पर कार्य किया व 22.04.2022 से अब तक प्राचार्य पद पर कार्य कर रहे है ।

अंत में मैं महाविद्यालय परिवार की तरफ से आभार व्यक्त करता हूं व आपका स्वागत करता हूं।

## महाविद्यालय - एक परिचय

चरखी दादरी जिले के बाढड़ा उप -मंडल **में** महिला उच्च शिक्षा के प्रचार प्रसार हेतू मार्च 2014 में इस महाविद्यालय की स्थापना की गई। महाविद्यालय की स्थापना में हरियाणा

सरकार , जन प्रतिनिधि , पत्रकार, बुद्धिजीवी वर्ग, आमजन आदि की महत्वपूर्ण भूमिका है। वर्तमान सत्र में कला, वाणिज्य, एंव विज्ञान (नॉन मैडिकल) तथा स्नातकोत्तर एम.ए. इतिहास, एम.ए. राजनीतिक विज्ञान, एम.एस.सी. जियोग्राफी कुल मिलाकर 1293 छात्राएं शिक्षा ग्रहण कर रही है। महाविद्यालय में भौतिकी, रसायन शास्त्र, गणित, जी.आई.एस. भूगोल व कार्टोग्राफी की प्रयोगशालाएं, एक पुस्तकालय, एक कम्प्यूटर प्रयोगशाला , एक डिजिटल लॉज , एक सेमिनार हाल , एक स्पोर्ट्स रूम, 14 क्लास रूम उपलब्ध है, जिनमें स्मार्ट क्लास रूम भी शामिल हैं । महाविद्यालय में प्राचार्य ,प्राध्यापकों व अन्य कर्मचारियों की उपस्थिति बायोमैट्रिक मशीन से लगाई जाती है। महाविद्यालय में 97 आधुनिक कम्प्यूटर ,11 फोटो कांपी मशीन, एक कलर प्रिंटर , ब्राड- बैंड से सुसज्जित प्रयोगशाला स्थापित की गई है। डिजिटल लॉज में इंटरनेट स्थापित करके उसे ऑनलाइन किया गया है, जिससे विश्व की किसी भी ऑनलाइन पुस्तक का अध्ययन किया जा सकता है। श्री सुबेसिंह महाविद्यालय के प्राचार्य है जिनके निर्देशन में प्रशासनिक कार्यो का संचालन होता है।

महाविद्यालय में 'सूचना अधिकार', 'रैगिंग रोकथाम', यौन उत्पीड़न निवारण, भ्रष्टाचारनिरोध जैसे वैधानिक निर्देशों का पालन करने हेतु शिकायत बॉक्स की व्यवस्था की गई है और इन कार्यों के संपादन हेतु वरिष्ठ- शिक्षकों की समितियां कार्य कर रही है।

## कार्यालय

महाविद्यालय में एक स्थाई क्लर्क श्रीमती सुखदर्शन व हरियाणा कौशल रोजगार के तहत् श्री जयवीर क्लर्क तथा पाँच स्थाई चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी श्री ओमप्रकाश, श्री विनोद, श्री दिनेश, श्री दीपक व श्रीमती सरिता तथा रसायन शास्त्र में लैब सहायक श्री मुकेश कार्यरत है। हरियाणा कौशल रोजगार के तहत् पुस्तकालय में लाईब्रेरी अटेंडेंट श्रीमती कविता श्री राजेन्द्र, एल.ए., श्री अशोक, श्री जोगेंद्र, व श्री सुमित चौकीदार व विशाल, धर्मेन्द्र माली तथा राजेश, दीपक सफाई कर्मचारी कार्यरत है। श्री ललित सिंह कम्प्यूटर निर्देशक हरियाणा सरकार की आउटसोर्सिंग व कॉन्ट्रेक्ट नीति के तहत कार्यरत है।

डॉ. गुणपाल सिंह, अंग्रेजी प्राध्यापक महाविद्यालय बर्सर है तथा वित्तीय मामलों में प्राचार्य की सहायता करते है। डॉ. परमजीत सिंह अर्थशास्त्र प्राध्यापक महाविद्यालय के आई. क्यू.ए.सी. समिति के प्रभारी व सूचना अधिकारी है।

## शिक्षण -व्यवस्था

महाविद्यालय में शिक्षण व्यवस्था में कला, वाणिज्य, विज्ञान संकाय एंव स्नातकोत्तर स्तर अध्ययन की व्यवस्था है। वर्तमान में महाविद्यालय में 1293 छात्राएं अध्ययनरत है। महाविद्यालय में कुल 24 प्राध्यापक कार्यरत है। इन में 13 प्राध्यापक स्थाई तथा 11 प्राध्यापक विस्तार व्याख्यान आधार पर कार्यरत है।

## विद्यार्थी आर्थिक सहायता

1. 203 अनुसूचित जाति से संबंधित छात्राओं को 12000 रूपये वार्षिक प्रति विद्यार्थी की दर से 2436000/-की राशि वितरित करने का प्रावधान किया गया है। सम्पूर्ण राशि वितरित की जा चुकी है।
2. महिला शिक्षा प्रोत्साहन हेतु हरियाणा सरकार की योजना कें अंतर्गत महाविद्यालय में मेधावी छात्राओं को 24000/-रूपये की राशि 3000/-प्रति छात्रा की दर से वितरित की जा चुकी है।
3. स्वतंत्रता सेनानी परिवारों सें संबंधित छात्राओं को 14000/-रूपये प्रति छात्रा की दर से 28000/-रूपये की राशि वितरित की जा चुकी है।

## आर्थिक सहायता

हरियाणा सरकार ने महाविद्यालय में संरचनात्मक विकास एंव छात्राओं के व्यक्तित्व के संपूर्ण विकास, सहायता और प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से निम्न धनराशि वितिय वर्ष-2022-23 के लिए प्रदान की है।

1. निर्देशन, परामर्श एंव प्लेसमेंट प्रकोष्ठ के लिए कुल 30000 /- धनराशि उपलब्ध कराई गई।

2. महिला प्रकोष्ठ के लिए कुल 90000 /- की राशि उपलब्ध कराई गई, जिसमें से 50000/- सामान के लिए और 40000 /- की राशि मानदेय के लिए प्रदान की गई।

3. विज्ञान प्रयोगशालाओं के रखरखाव,उपकरणों आदि की खरीद के लिए 60000/- की राशि उपलब्ध कराई गई।

4. अध्ययन करने के साथ-साथ काम करने की प्रवृति का विकास करने के उद्देश्य से 'अर्न व्हाइल यू लर्न' की योजना के अधीन 50000/- की राशि उपलब्ध कराई गई।

5. छात्राओं में विज्ञान के प्रति रूचि विकसित करने के उद्देश्य से 22000/- की राशि विज्ञान प्रदर्शनी के लिए उपलब्ध कराई गई।

6. पुस्तकालय की पुस्तकें व अन्य सामान खरीदने और पुस्तकालय का आधुनिकीकरण करने के उद्देश्य से 400000 /- की राशि उपलब्ध कराई गई।

7. खेल गतिविधियों के लिए सामान की उचित व्यवस्था कराने हेतु 12000/- की राशि प्रदान की गई।

8. स्वतंत्रता आंदोलनकारियों के परिवार की छात्राओं एंव योग्यता छात्रवृति के लिए14000/- की राशि उपलब्ध कराई गई।

9. 266 अनुसूचित जाति की छात्राओं कोपुस्तकों के लिए 2000/- प्रति छात्रा की दर से कुल 532000/- की राशि उपलब्ध कराई गई।

महाविद्यालय ने अपनी कार्यक्षमता के अनुसार उपरोक्त धनराशि का छात्राओं के हित में पूर्ण उपयोग कर लिया है।

## शैक्षणिक - उपलब्धियां ( प्राध्यापक वर्ग )

शिक्षा स्तर प्राध्यापकों की योग्यता, निष्ठा एंव कर्तव्य परायणता पर निर्भर करता है। वर्तमान सत्र के दौरान महाविद्यालय के शिक्षकों ने शोध कार्यशालाओं में विभिन्न प्रशिक्षण प्राप्त कर के अपने कौशल में वृद्धि की।

1. डा. परमजीत सिंह ने दिनांक 24-09-2023 को गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज, पलवल में आयोजित एक दिवसीय बहुविषयक राष्ट्रीय सेमिनार में 'इण्डियन हायर एजुकेशन आफ्टर एन.पी.ई. 2020' विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।

2. डा. गुणपाल सिंह ने दिनांक 05-03-2023 को वैश्य महाविद्यालय, भिवानी में आयोजित

बहुविषयक राष्ट्रीय सेमिनार में 'साइबर क्राइम और सोशल मिडिया' पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।

3. डा. मीना कुमारी ने दिनांक 13-04-2023 से 21-04-2023, को इंदिरा गांधी मुक्त विश्वविद्यालय नई दिल्ली में आयोजित 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 : क्रियान्वयन योजना' पर सात दिवसीय प्रशिक्षण में भाग लिया।

4. प्रो. अनिता ने दिनांक 28-04-2023 को राजकीय महाविद्यालय नारनौल में आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार में 'गुणवत्ता बढाने में एच.ई. आई. का सर्वोत्तम अभ्यास' विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।

5. प्रो. यशवंती ने दिनांक 18-03-2023 को महिला महाविद्यालय झोंझू कला में आयोजित एक दिवसीय बहुविषयक अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में 'ग्रामीण महिला सशक्तिकरण' विषय शोध पत्र प्रस्तुत किया।

6. प्रो. प्रदीप कुमार जांगड़ा ने दिनांक 04-06-2023 से 06-06-2023 को नेता जी सुभाष तकनीकी विश्वविद्यालय नई दिल्ली में आयोजित सेमिनार में '**Co2Crpb** की भौतिकी गुण जांच ' विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।

7. प्रो. कमल ने दिनांक 28-03-2023 को वैश्य महाविद्यालय, भिवानी में आयोजित एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में 'भारत में स्वास्थ्य देखभाल की स्थिति में विकास विश्लेषण' विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।

8. प्रो. मीना ने 10-09-2022 को राजकीय महाविद्यालय बिहरोड़, झज्जर में आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार में 'राष्ट्र की उन्नति में हिन्दी भाषा का योगदान' विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।

9. प्रो. रिंकू ने दिनांक 04-11- 22 से 05-11-22 इंदिरा गांधी मीरपुर विश्वविद्यालय, रेवाड़ी में आयोजित कार्यशाला में 'हरियाणा में जल संरक्षण रणनीतियाँ और समाधान' विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।

10. डा. मुकेश कुमार ने दिनांक 21-22/2023 को जी.डी. सी. कॉलेज बहल में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार में 'उत्तराखंड में सतत् विकास, पर्यावरण संबंधी मुद्दे' विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया ।

11. डा. अनिल कुमार ने दिनांक 28-03-2023 को वैश्य महाविद्यालय, भिवानी में आयोजित बहुविषयक अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में 'भारत के आर्थिक विकास में साक्षरता का महत्व' विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।

12. प्रो. जितेंद्र कुमार ने 28-03-2023 को वैश्य महाविद्यालय में आयोजित बहुविषयक अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में 'भारत में महिला सशक्तिकरण के मुद्दों, चुनौतियों पर अध्ययन' विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।

13. डा. कमलेश ने दिनांक 19-02-2023 को आदर्श महिला महाविद्यालय, भिवानी में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में 'संत कवि का सामाजिक अवदान' विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।

मैं सभी प्राध्यापकों को उनकी उपलब्धियों पर बधाई देता हूँ।

## शैक्षणिक उपलब्धियां - छात्रा वर्ग

महाविद्यालय ने प्रथम शैक्षणिक सत्र से ही वार्षिक परिणामों की सुदृढ़ पंरपरा को स्थापित किया है। महाविद्यालय के सभी कक्षाओं के सभी विषयों के परिक्षा परिणाम विश्वविद्यालय से अधिक रहे हैं।

| क्र.सं. | नाम | पिता का नाम | कक्षा | स्थान | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मीनाक्षी | नरेश कुमार | बी.ए. I | I | 86.5% |
| 2. | कविता | श्यामसुंदर | बी.ए.I | II | 81.7% |
| 3. | दीपिका | रिशाल सिंह | बी.ए.I | III | 77.3% |
| 4. | पूजा | राजकुमार | बी.ए.I | III | 77.3% |
| 5. | रितु | रामचंद्र | बी.एस.सी.I | I | 86.7% |
| 6. | अलका | राकेश कुमार | बी.एस.सी.I | II | 81.4% |
| 7. | अनु | नरेश कुमार | बी.एस.सी.I | III | 80.3% |
| 8. | निकिता | नरेश कुमार | बी.एस.सी.II | I | 88.3% |
| 9. | निशा | रविन्द्र | बी.एस.सी.II | II | 81.6% |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 10. | निशा | संदीप | बी.एस.सी.II | III | 77.9% |
| 11. | अंजू | सत्यवान | बी.एस.सी.III | I | 82% |
| 12. | बंटी | जयवीर | बी.एस.सी.III | II | 81.34% |
| 13. | अनीशा | परमानन्द | बी.एस.सी.III | III | 74.5% |
| 14. | कामांशी | धर्मवीर | बी.कॉम.I | I | 67.2% |
| 15. | खुशी | मंजीत | बी.कॉम.I | II | 65.4% |
| 16. | पूजा | मनोज कुमार | बी.कॉम.I | III | 60.8% |
| 17. | सविता | राजीव | बी.कॉम.II | I | 73.5% |
| 18. | सुनीता | प्रेम सिंह | बी.कॉम.II | II | 70.1% |
| 19. | सुमन | आजाद सिंह | बी.कॉम.II | III | 69.1% |
| 20. | सीमा | अशोक | बी.कॉम.III | I | 72% |
| 21. | आरती | संदीप | बी.कॉम.III | II | 69% |
| 22. | प्रियंका | नरेश कुमार | बी.कॉम.III | III | 68% |
| 23. | अनुराधा | संजय कुमार | एम.एस.सी (जियोग्राफी) | I | 75.8% |
| 24. | नैन्सी | शेर सिंह | एम.एस.सी (जियोग्राफी) | II | 70.5% |
| 25. | सोनम | अजीत | एम.एस.सी (जियोग्राफी) | III | 69.4% |
| 26. | निकिता | चंद्रभान | एम.ए राजनीति विज्ञान I | I | 66.4% |
| 27. | प्रीति | नरेंद्र सिंह | एम.ए राजनीति विज्ञान I | II | 64.66% |
| 28. | प्रियंका | सुनील कुमार | एम.ए राजनीति विज्ञान I | III | 64.8% |
| 29. | मोनिका | ब्रह्मपाल | एम.ए राजनीति विज्ञान II | I | 69% |
| 30. | रितु | बीरसिंह | एम.ए राजनीति विज्ञान II | II | 66.8% |
| 31. | कविता | अजीत सिंह | एम.ए राजनीति विज्ञान II | III | 65.86% |
| 32. | मुकेश | धर्मेंद्र | एम.ए इतिहास I | I | 64.11% |
| 33. | पूजा | शिवकुमार | एम.ए इतिहास I | II | 61.22% |
| 34. | मंजू | धर्मचंद | एम.ए इतिहास I | III | 58.44% |
| 35. | आचुकी बाई | श्यामलाल | एम.ए इतिहास II | I | 68.66% |
| 36. | रूखसाना | उमेद सिंह | एम.ए इतिहास II | II | 66.74% |
| 37. | रेशमा | ओमपाल सिंह | एम.ए इतिहास II | III | 65.48% |

# महिला प्रकोष्ठ

महिला प्रकोष्ठ महाविद्यालय में छात्राओं को अपनी रचनात्मक शक्ति, कला और चहुंमुखी विकास करने का एक सुनहरा मंच प्रदान करता है। हरियाणा सरकार के उच्चतर शिक्षा विभाग के निर्देशों का पालन करते हुए महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ की स्थापना की गई है। महिला प्रकोष्ठ की प्रभारी प्रो. रिंकू है। इसमें प्रो. अनिता, डॉ. मनीषा लाठर, प्रो. यशवंती,प्रो. प्रियंका, प्रो. गरिमा, प्रो. उषा ने महिला प्रकोष्ठ की गतिविधियों में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। महिला प्रकोष्ठ द्वारा 21-09-2022 को एक महिला स्वास्थ्य संबंधी सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें स्त्री रोग विशेषज्ञ सुनीता जांगड़ा ने छात्राओं को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी। दिनांक 12-10-2022 को दिवाली पर्व पर मेंहदी व रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दिनांक 10-01-2023 से 14-01-2023 तक पाँच दिवसीय योग शिवर का आयोजन किया गया। इस दौरान योग गुरू बिशन सिंह आर्य ने सूर्य नमस्कार, आसन, प्राणायाम के अभ्यास के साथ-साथ स्वस्थ रहने के बारे में विस्तार से बताया। दिनांक 17-01-2023 को महिला सशक्तिकरण विषय पर भिवानी के अतिरिक्त उपायुक्त महोदय मनोज दलाल द्वारा विस्तार व्याख्यान दिया गया। दिनांक 28-01-2023 को महाविद्यालय में एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण हेतु छात्राओं को जॉय गाँव झज्जर ले जाया गया।

# शिकायत निवारण / यौन उत्पीड़न / रैगिंग रोकथाम प्रकोष्ठ

महाविद्यालय के सत्र 2022-2023 के दौरान स्नातकोत्तर सत्र की पुस्तकों संबंधी समस्या आई जिसका निवारण महाविद्यालय द्वारा किया गया। महाविद्यालय में छात्राओं की शिकायत सुनने व उनका निवारण करने हेतु एक बॉक्स बनाया गया जिसे नियमित रूप से खोलकर परीक्षण किया जाता है कि कोई शिकायत आई है या नहीं और अगर आती है तो उनका निवारण कर दिया जाता है।यौन उत्पीड़न निवारण प्रकोष्ठ की प्रभारी प्रो. अनिता है।

## विज्ञान प्रदर्शनी एंव गतिविधियाँ

हरियाणा सरकार विज्ञान और तकनीक परिषद , पंचकुला के माध्यम से छात्राओं की विज्ञान के प्रति रूचि विकसित करने के लिए प्रयासरत है।महाविद्यालय को हरियाणा सरकार की तरफ से विज्ञान प्रदर्शनी हेतु 22000/- की सहायता राशि प्रदान की गई। 07-10-2022 को महाविद्यालय स्तर पर विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।18-10-2022 को जिला स्तर पर जे.वी.एम.जी.आर.आर. कालेज चरखी दादरी में आयोजित विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में दो टीमों नेभाग लिया। जिनमें एक टीम विजेता रही। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए दिनांक 21-10-2022 को महाविद्यालय स्तर पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 16-11-2022 को महाविद्यालय में विज्ञान प्रर्दशनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें रसायन विज्ञान, भौतिकी विज्ञान तथा भूगोल विषयों पर कार्यकारी मॉडल प्रस्तुत किए गए। हमारी छात्राओं ने 02-12-2022 को महाविद्यालय की छात्राओं ने जॉनल लेवल पर राजकीय महाविद्यालय हिसार मे दो टीमों ने विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लिया।

## सांस्कृतिक गतिविधियाँ

महाविद्यालय में छात्राओं के विकास के लिए सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की स्थापना की गई है। इसकी प्रभारी प्रो. अनिता है। 12-12-2022 से 14-12-2022 तक महिला महाविद्यालय झोंझू कला में आयोजित चौ.बंसीलाल विश्वविद्यालय, भिवानी के सौजन्य से आयोजित क्षेत्रीय युवा समारोह में महाविद्यालय की छात्राओं ने वाद-विवाद, पेंटिंग, पोस्टर मेकिंग, रंगोली, कॉलाज, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं में भाग लिया।

## राष्ट्रीय सेवा योजना

महाविद्यालय में सेवा, सहयोग और सुरक्षा की भावना विकसित करने के लिए दो एन. एस.एस. युनिट की स्थापना की गई है। युनिट -1 की प्रभारी प्रो. यशवंती व युनिट- 2 के प्रभारी प्रो. जितेंद्र कुमार है।इसके लिए 100-100 छात्राओं की ईकाईयों का गठन किया गया है। एन.एस.एस. के अंतर्गत दिनांक 12-10-2022 को युनिट द्वारा एक दिवसीय स्वच्छता शिविर का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की इकाई -1 और 2 द्वारा दिनांक 26-03-23 को ब्राह्मण भवन ,जेवली रोड़ बाढड़ा में सात दिवसीय कैंप का शुभारंभ प्राचार्य श्री सुबेसिंह की अध्यक्षता में किया गया। कैंप के दुसरे दिन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रांत संगठन मंत्री श्री श्याम सिंह कुशवाह ने भारतीय संस्कृति एंव सभ्यता पर प्रकाश डाला। कैंप के तीसरे दिन महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती गीता सहारण ने मुख्य अतिथि की भूमिका निभाई। श्रीमती गीता सहारण द्वारा स्वंयसेविकाओं को उत्पीड़न व बाल विकास के बारें में अवगत कराते हुए बताया गया कि कैसे महिलाएं कुपोषण का शिकार होती है, तथा उसके निवारण पर प्रकाश डाला। कैंप के चौथे दिन स्वयंसेविकाओं ने महाविद्यालय प्रांगण की सफाई की व महाविद्यालय प्रांगण में पौधारोपण किया ।

कैंप के पाँचवे दिन चरखी दादरी के ट्रैफिक पुलिस इंचार्ज उप निरीक्षक श्री रमेश ने छात्राओं को ट्रैफिक नियमों की जानकारी दी।कैंप के छठें दिन प्रो.यशवंती व प्रो.जितेंद्र कुमार ने स्वंयसेविकाओं को प्रतिदिन योग करने व खेलने के लिए जागरूक किया।कैंप के सातवें दिन समापन समारोह में डॉ परमजीत सिंह ने मुख्य अतिथि की भूमिका निभाते हुए उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना व्यक्तित्व विकास का पूर्ण मंच है।

## अर्न व्हाइल यू लर्न

महाविद्यालय में पढाई के साथ-साथ कार्य करने की प्रवृत्ति विकसित करने के उद्देश्य से अर्न व्हाइल यू लर्न प्रकोष्ठ का गठन किया गया जिसकी प्रभारी डॉ. मीना कुमारी है। इस योजना के अंतर्गत विभिन्न कक्षाओं की 18 छात्राओं को महाविद्यालय में पढाई के साथ-साथ कार्य करने के लिए प्रतिनियुक्त किया गया। हरियाणा सरकार ने इस योजना के लिए 50000/- की राशि उपलब्ध कराई।

## कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ

महाविद्यालय की छात्राओं में कानूनी जागरूकता का विकास करने हेतु कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ स्थापित किया गया है।जिसका मार्ग दर्शन प्रभारी प्रो. मीना करती है। कानूनी प्रकोष्ठ के अंतर्गत दिनांक 06-01-2023 को निबंध लेखन, पोस्टर मेकिंग व स्लोगन लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन महाविद्यालय स्तर पर किया गया।दिनांक 11-05-2023 को कानुनी जागरूकता शिविर के तहत साइबर अपराध विषय पर भाषण एंव पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।31-05-2023 को विश्व तबांकु दिवस पर निबंध लेखन, स्लोगन लेखन व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

## राष्ट्रीय दिवस समारोह

महाविद्यालय में सभी राष्ट्रीय दिवस समारोहों का आयोजन किया गया। इन आयजनो की संयोजक प्रो. अनिता है। महाविद्यालय में 15 अगस्त और 26 जनवरी के राष्ट्रीय दिवस मनाए गए। इन अवसरों पर महाविद्यालय की छात्राओं ने राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय,बाढड़ा में उपमंडल स्तर पर आयोजित समारोह में समूह नृत्य प्रस्तुत करते हुए उपमंडल स्तर पर 15 अगस्त को मुख्य अतिथि बाढड़ा के एस.डी.एम. श्री संजय कुमार व 26 जनवरी समारोह में मुख्य अतिथि बाढड़ा के एस.डी.एम. डॉ. वीरेंद्र कुमार ने छात्राओं के कौशल की सराहना करते हुए सम्मानित किया।

## इलैक्ट्रोल क्लब

महाविद्यालय की छात्राओं को अपने मताधिकार के प्रति जागरूक करने के लिए महाविद्यालय में इलैक्ट्रोल क्लब की स्थापना की गई है।जिसकी प्रभारी प्रो. मीना है। इलैक्ट्रोल क्लब

के अंतर्गत दिनांक 08-12-2022 को मतदान जागरूकता विषय पर निबंध लेखन, रंगोली व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 09-12-2022 को महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया व सड़क सुरक्षा अभियान के तहत छात्राओं को शपथ दिलाई गई। 25 दिसंबर 2022 को राष्ट्रीय मतदान दिवस पर छात्राओं को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए शपथ दिलाई गई।

## आई. क्यू. ए. सी. समिति

महाविद्यालय में सी.ए.एस. स्कीम के तहत कार्यरत प्रोफसरों की ए. पी.आई. स्कोर की जांच के लिए इस समिति का गठन किया गया है। इस समिति द्वारा एसीसटेंट व एसोसिएट प्रोफेसरों के मामले जाँच के बाद प्राचार्य के माध्यम से महानिदेशक, उच्चतर शिक्षा, हरियाणा को भेजे गए है। इस समिति के अध्यक्ष डॉ. परमजीत सिंह है।

## अन्य गतिविधियाँ

महाविद्यालय में उपरोक्त आयोजनों के अतिरिक्त विभिन्न गतिविधियाँ सम्पन्न की गई। उच्चतर शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार "हर घर तिरंगा" कार्यक्रम के तहत 13-08-2022 को महाविद्यालय में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 14 - 09 - 2022 को महाविद्यालय में हिन्दी दिवस के अवसर पर निबंध लेखन वप्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 20 - 09 - 2022 को महाविद्यालय में महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्रीमती गीता सहारण के नेतृत्व में राष्ट्रीय पोषण सप्ताह बनाया गया। 19-10-2022 को एन. एस.एस. के अंतर्गत स्वंयसेविकाओं ने स्वच्छ भारत अभियान 2.0 के तहत बाढड़ा क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया । 31-10-2022को महाविद्यालय में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। 05-06-2023 को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में छात्राओं व शिक्षकों द्वारा पौधारोपण किया गया।

## हमारे संकल्प और आवश्कताएं

हमारा संकल्प है कि ग्रामीण अंचल में स्थापित यह महाविद्यालय एक अग्रणी उच्च शिक्षण संस्था के रूप विकसित हो। इसके विकास के मार्ग में आने वाली चुनौतियों का सामना करते हुए हमें नए मापदंड स्थापित करने है। हमारा मानना है कि ऐसा संभव है और इस दिशा में हम उचित कदम बढा रहें है। अपने संकल्प को पूरा करने के लिए हमारी कुछ आवश्कताएं हैं :-

1. खेल परिसर का निर्माण कराना व शारीरिक शिक्षा के प्राध्यापक को नियुक्त कराना ।
2. बी.एस.सी.मेडिकल का नया कोर्स आरंभ कराना।
3. बी.ए. के लिए अतिरिक्त वैकल्पिक विषयों जैसे समाजशास्त्र, संस्कृत, गृहविज्ञान जैसे विषय आरंभ कराना।
4. महाविद्यालय में वर्तमान सत्र की संख्या 1293 को ध्यान में रखते हुए बाढड़ा क्षेत्र में स्नातकोत्तर की एम.ए. अंग्रेजी व एम.एस .सी. रसायन शास्त्र, विषय की कक्षाएं आरंभ कराना।
5. बाढड़ा क्षेत्र के नजदीक कोई लॉ कॉलेज न होने के कारण छात्राओं कानुनी शिक्षा प्राप्त करने के लिए हरियाणा व राजस्थान के दूरस्थ स्थानों पर जाना पड़ता है। अतः महाविद्यालय में एल.एल.बी. के पंचवर्षीय व तीनवर्षीय पाठ्यक्रम आरंभ कराना ।
6. नए सत्र 2023-2024 से रोजगारपरक पाठ्यक्रम जैसे पत्रकारिता व कम्प्यूटर आदि आरंभ कराना।
7. नए भवन के प्रांगण को पर्यावरण की दृष्टि से हरा - भरा करने का प्रयास करना ।
8. महाविद्यालय भवन में कैंटीन की सुविधा उपलब्ध कराना।
9. महाविद्यालय का पूरा प्राध्यापक वर्ग शिक्षा और शिक्षण की गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है।अतः महाविद्यालय को कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस उच्चतर विभाग हरियाणा सरकार की सूची में शामिल कराने के लिए प्रयासरत है।

## आभार

महाविद्यालय की विभिन्न शैक्षणिक व प्रशासनिक गतिविधियों के सफल संचालन के लिए मैं महाविद्यालय परिवार की तरफ से चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय, भिवानी, के उपकुलपति माननीय डॉ. आर.के. मितल , उपायुक्त चरखी दादरी , माननीय श्रीमती प्रीति कुमारी , एस.डी.एम. बाढड़ा माननीय डॉ. वीरेंद्र कुमार, डी.एस.पी. उपमंडल बाढड़ा माननीय श्री अनिल कुमार, स्थानीय शिक्षण संस्थाओं के प्राचार्य, खंड एंव जिला शिक्षा अधिकारी , जन स्वास्थ्य , दूरसंचार जो

हर वक्त महाविद्यालय के सफल व निर्बाध संचालन व विकास के लिए तत्पर रहते है तथा बिजली विभाग के अधिकारियों व गणमान्य नागरिकों का धन्यवाद एंव आभार प्रकट करता हूं।

मैं महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों व कर्मचारियों का आभार प्रकट करता हूं, जिन्होंने महाविद्यालय की विभिन्न गतिविधियों को सम्पन्न करने में सहयोग दिया। मैं जनसंपर्क अधिकारी एंव बाढड़ा में कार्यरत सभी समाचार पत्रों के ब्यूरो चीफ एंव पत्रकारों के प्रति कृतज्ञ हूं, जिन्होंने हमें सकारात्मक सहयोग देकर प्रोत्साहित किया। सभी छात्राओं ने अनुशासन में रहते हुए अध्ययन किया, इसके लिए मैं साधुवाद देता हूं।

मैं प्रो. मीना , डॉ. कमलेश का आभार प्रकट करता हूं, जिन्होंने वार्षिक प्रतिवेदन तैयार करने में मेरी सहायता की।

मैं डॉ. गुणपाल सिंह, डॉ.मीना कुमारी , डॉ. अनिल कुमार का प्रशासन संचालन में सहयोग देने के लिए आभार प्रकट करता हूं।

धन्यवाद !

डॉ. परमजीत सिंह
वरिष्ठतम् प्राध्यापक